अग्रवाल महाविद्यालय में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत हुआ पौधारोपण

आज दिनांक 24 जुलाई, 2024 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि अग्रवाल कॉलेज में गत 22 जुलाई सोमवार को अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी, कॉलेज के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश गुप्ता जी व कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता जी के कर कमलों से इस मुहीम की शुरूआत की गई। प्रधान जी ने 5 अगस्त, 2024 तक वृक्षारोपण पखवाड़ा मनाने की घोषणा भी की । उन्होंने कहा कि कॉलेज का हर एक शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी एक पौधा लगाएगा व उसकी देखभाल की ज़िम्मेदारी लेगा। इसी क्रम में आज 24 जुलाई को कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता की उपस्थिति में रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी के सदस्यों और वालंटियर्स ने भी कॉलेज परिसर में अनेकों पेड़ लगाए। इन पौधों में नीम,पीपल,जामुन,आम ,नींबू आदि पौधे शामिल थे। प्राचार्य जी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्तागण रेड रिबन क्लब की ओवरऑल कन्वीनर डॉ० गीता गुप्ता व स्वच्छता सेनानी के संयोजक डॉ० अशोक कुमार निराला, डॉ० रितु रेड रिबन क्लब के कॉर्डिनेटर डॉ.रेखा सैन, श्रीमती त्रिमेश कालरा, श्री लवकेश व रेड रिबन क्लब व स्वच्छता सेनानी क्लब के लगभग 30 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।